# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com



सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818



वर्ष-2 | अंक-122 | सागवाड़ा, बुधवार,4 जनवरी, 2023 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)




# सुख भगवान की कृपा और दुख भगवान की इच्छा पर ही निर्भर

## श्रीमद् भागवत सत्संग समिति के तत्वाधान में श्री श्री उत्तम कृष्ण गोपाल गौशाला के सहायतार्थ आयोजित दिव्य गोकृपा कथा





**सागवाड़ा।** श्रीमद् भागवत सत्संग समिति के तत्वाधान में श्री श्री उत्तम कृष्ण गोपाल गौशाला के सहायतार्थ आयोजित दिव्य गोकृपा कथा में मंगलवार को सात दिवसीय गो पुष्टि यज्ञ किया गया। राष्ट्रीय गौ संत जगदीश गोपाल महाराज के व्यास पीठ पर विराजित होने के उपरांत यजमान नानू लाल ज्ञानचंद मोड पटेल परिवार की ओर से मंच पर गौ पूजन किया गया ।इस अवसर पर गौशाला के अध्यक्ष ललित पंचाल सहित गौ भक्त परिवार उपस्थित रहे। मंगलवार को कथा पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं को 31 वर्ष तक पैदल यात्रा का संकल्प लेकर देशभर में गौ माता के संरक्षण और गौशालाओं के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले राष्ट्रीय गौ संत जगदीश गोपाल महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि मानवता की व्यथा का नाश गो कथा के श्रवण तथा सोपान से ही संभव है। जिसकी जैसी भावना तथा कर्म होंगे उसके अनुरूप ही जीवन में परिणाम प्राप्त होते हैं। हर व्यक्ति अनंत भावो से दुखी है मगर आनंद तथा प्रसन्नता की अनुभूति करने वाला ही वास्तविक सुखमय जीवन व्यतीत कर सकता है। परमपिता परमेश्वर ने सबको आनंदमय जीवन प्रदान किया है और दुख तथा समस्याएं व्यक्ति की मनोवृति की उपज है। उन्होंने कहा कि दुख में सुख में और अनेक समस्याओं के बावजूद भी हर हाल में प्रभु की भक्ति करते हुए प्रसन्न रहने वाला इंसान ही सफलता और सुख को प्राप्त कर सकता है। मानव को ही मुस्कुराने की शैली ईश्वर ने प्रदान की है और गौ कृपा पाकर मुस्कुराते हुए जीवन में हर समस्या का निदान किया जा सकता है। उन्होंने कहा है कि दुख तथा सुख हर किसी के जीवन में आता है ।भगवान



श्री राम ,श्री कृष्ण तथा महावीर स्वामी ने भी अनेकों कष्ट को सहन किया लेकिन कर्म के पुरुषार्थ से उन्होंने इस पृथ्वी लोक में आनंदमय जीवन शैली की कला को प्रतिपादित किया है। निसंदेह उनकी स्मृतियां तथा अवतारी एवं महापुरुषों के जीवन चरित्र को आत्मसात करके इस घोर कलयुग में भी प्रसन्नता पूर्वक जीवन का श्रेष्ठ निर्माण किया जा सकता है। वस्तुतः सुख भगवान की कृपा और दुख भगवान की इच्छा पर ही निर्भर है अर्थात हरि इच्छा प्रबल होती है। उन्होंने कहा है कि जब देवताओं के संकट और कष्टों का निवारण गौमाता द्वारा किया गया तो फिर मानव जाति इससे पीछे क्यों है।हर कष्ट का निवारण गौ माता की सेवा से संभव है।

## कलेक्टर और एसपी ने व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया



सागवाडा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के प्रस्तावित दौरे को लेकर डूंगरपुर कलेक्टर लक्ष्मी नारायण मंत्री और एसपी राशि डोगरा मंगलवार को सागवाडा के दौरे पर रहे। डूंगरपुर एडीएम हेमेंद्र नागर, ज़िला परिषद के सीईओ, उपखंड अधिकारी मणिलाल तीलगर, तहसीलदार डा. रमेशचंद्र ने निर्माणाधीन हेलीपैड, आवास व्यवस्था और कथा स्थल का जायज़ा लिया। कलेक्टर लक्ष्मी नारायण मंत्री ने कांग्रेस के निवर्तमान जिलाध्यक्ष दिनेश खोडनिया, नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया और आयोजकों की तरफ़ से मुकेश भोई व ललित पंचाल से व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। इसके बाद सभी ने गौ कथा वाचक गोपाल महाराज से आशीर्वाद लेकर उनसे चर्चा की।

## संवैधानिक नैतिकता की भावना जाग्रत करने की दिशा में संविधान उद्यान महत्ती प्रयासः राज्यपाल

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राजभवन में संविधान उद्यान का किया लोकार्पण



**जयपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों में संवैधानिक नैतिकता की भावना जाग्रत करने के लिए कार्य किए जाने पर बल दिया है। राष्ट्रपति ने राजभवन में संविधान उद्यान के निर्माण की सराहना करते हुए कहा कि इससे संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। राष्ट्रपति मुर्मु मंगलवार को यहां राजभवन में संविधान उद्यान के लोकार्पण अवसर पर सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा और जीवंत लोकतंत्र है और हमारा संविधान इसका आधार है। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माताओं ने सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता के सिद्वांतों पर संविधान का निर्माण किया। मुर्मु ने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक परम्परा बहुत प्राचीन है। यहां बोधि संघ में भी संसदीय प्रक्रियाओं को निभाने का पालन किया जाता था। उन्होंने संविधान को जीवंत दस्तावेज बताते हुए कहा कि यह समय के साथ बदलती जनमानस की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने में पूरी तरह सक्षम है। राष्ट्रपति ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि संविधान चाहे कितना भी अच्छा क्यों न हो, यदि संविधान को मानने वाले लोग खराब निकले तो निश्चित रूप से संविधान खराब सिद्ध होगा। दूसरी तरफ अगर संविधान को मानने वाले लोग अच्छे हुए तो संविधान अच्छा सिद्ध होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि देश में पंचायत से संसद तक महिलाएं अपनी उपस्थिति निरंतर बढ़ा कर राष्ट्र और समाज की सेवा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा में 82 और राज्यसभा में 33 महिला सदस्य हैं।

## मुख्यमंत्री गहलोत 6 को सागवाड़ा में, शहर में 250 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे

**सागवाड़ा।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश खोड़निया ने बताया कि राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 6 जनवरी को दोपहर दो बजे महिपाल खेल मैदान में आयोजित दिव्य श्री गो कथा में शिरकत करेंगे। खोड़निया ने बताया कि मुख्यमंत्री इस अवसर पर सागवाड़ा नगर में 115 करोड़ की सीवरेज योजना का शिलान्यास, नगर में चार करोड़ की सडक़ों का



लोकार्पण, 60 करोड़ के लसाड़ा पुल तथा भीलूड़ा, खडग़दा, जोगपुर व मांडली में 32 करोड़ की सडक़ का शिलान्यास करेंगे। खोड़निया ने बताया कि 115 करोड़ की सीवरेज योजना में 4215 मकान में स्वच्छ सीवरेज कनेक्शन किया जाएगा जिससे भविष्य में किसी भी मकान में सेफ्टी टैंक की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने बताया कि जल योजना में 5504 परिवारों के मकानों में पेयजल कनेक्शन दिया जाएगा।

## माता सावित्री देवी फुले की जयंती मनाई

**सागवाड़ा।** माली समाज ने गमरेश्वर स्थित सुभाष चन्द्र बोस पार्क में माता सावित्री देवी फुले की जयंती मगलवार को मनाई। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष लक्ष्मीकांत माली ने समाज जनों का स्वागत किया तथा उद्बोधन में गुलामी के दिनों में ज्योति बा फुले व सावित्री बाई ने शिक्षा की अलख जगाने में निभाई भुमिका के बारे में बताया। महिला शिक्षा को लेकर क्षेत्र में हो रहे कार्य का बीजारोपण फुले दम्पति के प्रयासों का ही परिणाम बताया। इस दौरान गलियाकोट से गोपाल माली, शारदा माली, कमलेश माली, अशोक माली, भरत, आकाश, सागवाड़ा से दीपिका, राजू, भावेश, भरत, जेठाणा से लक्ष्मीकांत, रश्मि टाक, अमृतलाल, रेखा, जसोदा माली मौजूद रहे। संचालन बापूलाल माली ने किया। आभार गोपाल माली ने व्यक्त किया।

## कच्ची बस्ती की सर्वे हो चुकी है रिपोर्ट प्राप्त होते ही पट्टे मिलेंगे

### कलेक्टर ने नगरपालिका में पार्षदों और अधिकारियों के ली बैठक

**सागवाडा।** डूंगरपुर कलेक्टर लक्ष्मी नारायण मंत्री ने सागवाडा नगर पालिका में नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया की मौजूदगी में पार्षदों की बैठक लेकर मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य जीवन बीमा योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कलेक्टर मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना 01 मई 2021 से लागू हुई जिसमें योजना के अंतर्गत प्रदेशवासियों को छोटी से छोटी बीमारी से लेकर बड़ी व गंभीर बीमारियों के लिए 10 लाख का हेल्थ कवर बीमा दिया जाता है । राज्य सरकार चिरंजीवी योजना के अंतर्गत तकरीबन 1597 हेल्थ पैकेज नि:शुल्क उपलब्ध करवा रही है।


जिनमें गंभीर बीमारियां जैसे ब्लैक फंगस, कैंसर, पैरालाइसिस, हार्ट सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, ऑर्गन ट्रांसप्लांट आदि शामिल है। उन्होंने पार्षदों से आग्रह किया कि सभी अपने अपने वार्ड के



लोगों को इस योजना से जोड़े। कलेक्टर ने चिरंजीवी कार्ड योजना के लक्ष्य निर्धारित करते हुए छूटे हुए परिवारों को जोड़ने को कहा। इस दौरान कलेक्टर मंत्री ने नगरपालिका क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने पार्षदों से शहर के विकास कार्यों में को लेकर चर्चा करते हुए उनके सुझाव लिए। पार्षदों ने पट्टा बनने में आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी दी है। पार्षदों ने बताया कि कच्ची बस्ती में पट्टा बनने में दिक्कतें आ रही है। इस दौरान कलक्टर ने अधिशाषी अधिकारी को पूछा इस पर ईओ ने बताया कि कच्ची बस्ती की सर्वे पूर्ण हो चुकी है पर रिपोर्ट नही आई है। जैसे ही रिपोर्ट प्राप्त होगी नियमानुसार पट्टे जारी करने की कार्यवही की जाएगी। कलेक्टर ने इंदिरा गाँधी शहरी रोजगार गारंटी योजना, प्रशासन शहरों के संग, राजीव गाँधी ओलाम्पिंग खेल सहित योजनाओ की रिपोर्ट ली। इस दोरान उपाध्यक्ष राजू मामा, उपखंड अधिकारी मणिलाल तीलगर, तहसीलदार रमेशचन्द्र वढ़ेरा, बीडीओ मूलाराम सोलंकी, अधिशासी अधिकारी अभिषेक शर्मा सहित पार्षदगण मौजूद रहे।

## मोदी के नेतृव में भाजपा सरकार ने किए ऐतिहासिक कार्य

### केंद्रीय मंत्री रूपाला की जन आक्रोश सभा



**सागवाड़ा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश में हर वर्ग के लिए महत्वपूर्ण योजनाएं लागू कर ऐतिहासिक कार्य किए है।

यह बात केंद्रीय मत्स्य एवं पशुपालन मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला ने अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान मंगलवार को जिले के खड़गदा गांव में आयोजित जन आक्रोश सभा में कही। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना में विमान विक्रांत को शामिल करना देश के लिए गौरव की बात है क्योंकि यह पूर्ण रूप से भारत में निर्मित है और दूर तक मारने की क्षमता से सेना को बल मिला है। इससे पहले सैनिकों के लिए हथियार भी विदेश से मंगवाने पड़ते थे। उन्होंने राजपथ पर सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित करने की बात करते हुए कहा कि इस देश में राष्ट्र के सम्मान का कोई कार्य कर सकता है तो वो सिर्फ नरेंद्र मोदी कर सकता है। रुपाला ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र हित में निष्ठा से कार्य करने के बावजूद विपक्ष की कांग्रेस पार्टी द्वारा ओंछी मानसिकता रखते हुए हमेशा रोड अटकाने का कार्य किया है इसलिए कांग्रेस पार्टी को सत्ता से उखाड़ फेंकने की जरूरत है। सभा को संबोधित करते हुए सांसद कनकमल कटारा ने कहा कि राज्य की कांग्रेस में प्रदेश का गरीब किसान हताश हो गया है। कटारा ने कांग्रेस सरकार को पूर्ण रूप से विफल बताया। वही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा हर वर्ग के लिए लागू की गई योजनाओ की जमकर तारीफ की। सभा को भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुन्नीलाल गरासिया, भाजपा प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा, सलूंबर विधायक अमृतलाल मीणा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभु पंड्या, जिला प्रमुख सूर्या अहारी सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया। इस अवसर पर सागवाडा प्रधान ईश्वरलाल सरपोटा, गलियाकोट प्रधान जय प्रकाश पारगी मौजूद रहे।